कार्यालय,रक्षा लेखा महानियंत्रक,

उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

(हिंदी कक्ष)

सं0 0746/हि0क0/हि0प0/मु0का0 दिनांक : 16 अगस्त, 2018

सेवा में

प्रधान लेखा नियंत्रक(फै0)/

सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक

विषय : हिंदी दिवस/पखवाड़े के अवसर पर रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों में हिंदी प्रतियोगिता की आयोजन।

****

रक्षा लेखा विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरुकता तथा उसके उत्तरोत्तर प्रयोग में गति लाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष हिंदी दिवस/हिंदी सप्ताह/हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाता रहा है। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी सितम्बर माह में हिंदी पखवाड़े का तथा 14 सितम्बर को 'हिंदी दिवस' समारोह का आयोजन किया जाए।

आपसे अनुरोध कि अन्य वर्षो की तरह इस वर्ष भी रक्षा लेखा विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने, उन्हें प्रोत्साहित व प्रेरित करने के उद्देश्य से संगठन के सभी कार्यालयों में हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन करवायें और इसमें भाग लेने के लिए अधिकाधिक कार्मिकों को प्रोत्साहित किया जाए। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी विजेताओं को पुरस्कृत किए जाने हेतु संबंधित कार्यालयों को उपयुक्त राशि भी स्वीकृत की जाए। हिंदी पखवाड़े के आयोजन के उपरांत आयोजन संबंधी एक रिपोर्ट मुख्यालय कार्यालय को अवश्य प्रेषित करवाने का कष्ट करें।

इस संबंध में राजभाषा विभाग का दिनांक 20.7.1998 का का.ज्ञा.सं. I/14034/2/98 अवलोकनीय है।

कृपया पावती दें ।

रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशा.) के अनुमोदन से जारी।

(श्रीनिवास शर्मा)

सहायक निदेशक (रा.भा.)

<u>प्रतिलिपि</u> :

सूचना प्रद्यौगिकी एवं प्रणाली (स्था.) : **वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु।**

(श्रीनिवास शर्मा)

सहायक निदेशक (रा.भा.)